Title : Need to resolve the problem of water logging in Khagaria Parliamentary Constituency caused by floods in Kosi and other rivers-Laid.

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मेरा लोकसभा क्षेत्र खगड़िया उत्तर बिहार के सबसे बाढ़ ग्रस्त इलाकों में से एक है यहां से बिहार का अभिशाप कहीं जाने वाली कोसी नदी के अलावा छह अन्य विशाल नदियां गुजरती है । मैं भारत सरकार का ध्यान खगड़िया लोकसभा की सबसे बड़ी एवं अत्यंत गंभीर समस्या जलजमाव की ओर दिलाना चाहता हूं । खगड़िया लोकसभा में प्रत्येक वर्ष बाढ़ की अतिवृष्टि इलाके में कटाव के साथ-साथ भयंकर बीमारियां लाती है । बाढ़ की स्थिति खत्म होने के बाद भी हजारों एकड़ में बाढ़ का पानी का जमाव लगा रहता है जिससे किसान उन जमीनों पर खेती नहीं कर पाते हैं । जबकि हमारा क्षेत्र मक्का उत्पादन में एशिया में अव्वल रहता है । उन जमीनों पर खेती नहीं कर पाने की वजह किसानों को काफी हानि होती है । अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन किसानों के दुख को देखते हुए कोई ठोस कदम उठाते हुए एक परियोजना बनाई जाए जिससे मेरे लोकसभा अंतर्गत परबत्ता, बेलदौर खगड़िया, अलौली हसनपुर एवं सिमरी बख्तियारपुर सभी विधानसभा के किसानों को जल जमाव की समस्या से निजात मिले जिससे भारत की रीढ़ कहे जाने वाले किसान चैन की सांस ले सके ।